
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

23 मार्च 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

आपका जीवन तभी सफल हो सकता है जब आपका निश्चित लक्ष्य हो और आप उनके लिए पूरी तरह से समर्पित हो।

भगत सिंह



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

**23 मार्च**

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, चैत्र माह, कृष्ण पक्ष, नवमी तिथि, रविवार 23 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

**अगर आप विजेता बनना चाहते हैं तो एक बात पर टिके रहे। एक बात जो आपने सोच ली बस उस पर बने रहना है जब तक आप उसे पा नहीं लेते हैं। इसके अलावा सब कुछ बेकार है।**

If you want to be a winner then stick to one thing. Whatever you think of, just keep at it until you find it. Apart from this everything is useless.

## आज के दिन

**1910– स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी, प्रखर चिन्तक और समाजवादी राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया का जन्म हुआ।**

**1940– मुस्लिम लीग ने पाकिस्तान प्रस्ताव को मंजूर किया ।**

**1956– पाकिस्तान दुनिया का पहला इस्लामिक गणतंत्र बना।**

**1965– नासा ने पहली बार अंतरिक्ष यान 'जेमिनी 3' से दो व्यक्तियों को अंतरिक्ष में भेजा।**

1. **डॉ0 राम मनोहर लोहिया जन्मदिवस**– डॉ0 राम मनोहर लोहिया का जन्म 23 मार्च, 1910 ई. को उत्तरप्रदेश के फैजाबाद जिले के अकबर ग्राम में हुआ था। लोहिया एक नई सभ्यता और संस्कृति के द्रष्टा और निर्माता थे। लोहिया भारत में समाजवाद की स्थापना चाहते थे। लेकिन इससे पहले वे चाहते थे कि जाति व्यवस्था और लिंग भेद–भाव को समाप्त किया जाए। वे राष्ट्रवादी थे लेकिन विश्व सरकार का सपना देखते थे। 1962 के आम चुनाव में डॉ0 लोहिया, नेहरू जी के खिलाफ फूलपुर से चुनाव लड़े थे लेकिन पराजय प्राप्त हुई। बाद में 1963 के उपचुनाव जीतकर पहली बार पार्लियामेंट में गये थे।

2. **भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को फाँसी**– 'इंकलाब जिन्दाबाद' और 'ब्रिटीश साम्राज्य मुर्दाबाद' के नारे लगाने वाले तथा अंग्रेजों के नाक में दम करने वाले 'शहीद–ए–आजम' भगत सिंह और उनके साथियों राजगुरू और सुखदेव को 23 मार्च, 1931 ई. को फाँसी दे दी गई। 17 दिसम्बर, 1928 ई. को लाहौर में तत्कालीन पुलिस कप्तान सैण्डर्स की हत्या और 8 अप्रैल, 1929 ई. को दिल्ली के केन्द्रीय विधान सभा में बम पटक कर आतंक मचाने के आरोप में भगत सिंह और उनके साथियों को फाँसी की सजा हुई। अदालत के आदेशानुसार उन्हें 24 मार्च, 1931 को सुबह 8 बजे फाँसी दी जानी थी। लेकिन इनकी फाँसी की बात सुनकर लोग इतने भड़क चुके थे कि लोगों ने भारी भीड़ के रूप में उस जेल को घेरना शुरू कर दिया। अंग्रेज भयभीत थे कि कहीं विद्रोह न हो जाए अतः 23 मार्च, 1931ई. को अंग्रेजी हुकुमत ने उन्हें लाहौर सेन्ट्रल जेल में फाँसी दे दी और सतलज नदी के किनारे अंतिम संस्कार भी कर दिया गया।
   - **संदर्भः अतीत से वर्तमान भाग 3, अध्याय 12, राष्ट्रीय आंदोलन, पृष्ठ 202–203**

3. **विश्व मौसम विज्ञान दिवस**– 23 मार्च, 1950 ई. को विश्व मौसम विज्ञान संस्थान की स्थापना की गई थी। इसका मुख्यालय जेनेवा, स्वीटजरलैंड में है। कृत्रिम उपग्रहों द्वारा भेजी जाने वाली चित्रों, सुचनाओं के आधार पर मौसम की सटीक जानकारी प्रदान कर लोगों को जान–माल की क्षति से बचाना इसका प्रमुख कार्य है।
   - **संदर्भः हमारी दुनिया भाग 2 अध्याय 13 से जोड़कर बच्चों को बतायें।**

4. **फासिस्ट आंदोलन की शुरूआत**– बेनिटो मुसोलिनी ने इटली के मिलान शहर में फासिस्ट आंदोलन की शुरूआत 23 मार्च, 1919 को किया था। इसकी प्रेरणा और नाम सिसिली के 19वीं सदी के क्रांतिकारियों–फासेज़ से ग्रहण किया गया। मूल रूप में यह आंदोलन समाजवाद या साम्यवाद के विरूद्ध नहीं, बल्कि उदारतावाद के विरूद्ध था।

# दिवस विशेष

23 मार्च

मधु प्रिया

## डॉ॰ राममनोहर लोहिया का जन्म 23 मार्च



डॉ॰ राममनोहर लोहिया का जन्म 23 मार्च 1910 को उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद में अकबरपुर नामक स्थान में हुआ था। उनके पिताजी श्री हीरालाल पेशे से अध्यापक व हृदय से सच्चे राष्ट्रभक्त थे। ढाई वर्ष की आयु में ही उनकी माताजी (चन्दा देवी) का देहान्त हो गया।। उन्हें दादी के अलावा सरयूदेई, (परिवार की नाईन) ने पाला। टंडन पाठशाला में चौथी तक पढ़ाई करने के बाद विश्वेश्वरनाथ हाईस्कूल में दाखिल हुए। उनके पिताजी गाँधीजी के अनुयायी थे। जब वे गांधीजी से मिलने जाते तो राम मनोहर को भी अपने साथ ले जाया करते थे। इसके कारण गांधीजी के विराट व्यक्तित्व का उन पर गहरा असर हुआ। पिताजी के साथ 1918 में अहमदाबाद कांग्रेस अधिवेशन में पहली बार शामिल हुए।बंबई के मारवाड़ी स्कूल में पढ़ाई की। लोकमान्य गंगाधर तिलक की मृत्यु के दिन विद्यालय के लड़कों के साथ 1920 में पहली अगस्त को हड़ताल की। गांधी जी की पुकार पर 10 वर्ष की आयु में स्कूल त्याग दिया। पिताजी को विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आंदोलन के चलते सजा हुई। 1921 में फैजाबाद किसान आंदोलन के दौरान जवाहरलाल नेहरू से मुलाकात हुई। 1924 में प्रतिनिधि के रूप में कांग्रेस के गया अधिवेशन में शामिल हुए। 1925 में मैट्रिक की परीक्षा दी। कक्षा में 61 प्रतिशत नंबर लाकर प्रथम आए। इंटर की दो वर्ष की पढ़ाई बनारस के काशी विश्वविद्यालय में हुई। कॉलेज के दिनों से ही खद्दर् पहनना शुरू कर दिया। 1926 में पिताजी के साथ गौहाटी कांग्रेस अधिवेशन में गए। 1928 से अखिल भारतीय विद्यार्थी संगठन में सक्रिय हुए साइमन कमिशन के बहिष्कार के लिए छात्रों के साथ आंदोलन किया। कलकत्ता में युवकों के सम्मेलन में जवाहरलाल नेहरू अध्यक्ष तथा सुभाषचंद्र बोस और लोहिया विषय निर्वाचन समिति के सदस्य चुने गए।

# शहीद दिवस 23 मार्च




## 23 मार्च

23 मार्च को शहीद दिवस के रूप में याद किया जाता है और भारत में मनाया जाता है। इस दिन 1931 को तीन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों: भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव थापर को अंग्रेजों ने फांसी दी थी।

# TOB
# खेल कॉर्नर

## वनडे मे सर्वोच्य व्यक्तिगत स्कोर

| खिलाडी | रन |
|---|---|
| रोहीत शर्मा | 264 |
| मार्टिन गुप्टील | 237* |
| विरेंद्र सहेवाग | 219 |
| क्रिस गेल | 215 |
| फखार जमान | 210* |
| पथुम निसंका | 210* |
| इशान किशन | 210 |
| रोहित शर्मा | 209 |
| रोहित शर्मा | 208* |
| सुभमन गिल | 208 |
| ग्लेन्न मेक्सवेल | 201* |
| सचिन तेंडुलकर | 200* |
| चार्ल्स कोवेंट्री | 194* |
| सइद अनवर | 194 |
| फखर जमान | 193 |
| विवियन रिचार्ड्स | 189* |
| मार्टिन गुप्टील | 189* |
| सनथ जयसुर्या | 189 |
| गेरी  कस्टर्न | 188* |
| सचीन तेंडुलकर | 186* |



Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 23.03.2025


## तुकान्त


कविता की पंक्तियों के आखिर में आने वाले शब्दों की समानता को तुकान्त कहते हैं. इसे तुकबंदी भी कहा जाता है. तुकबंदी को अंत्यानुप्रास भी कहा जाता है. कविता के शिल्प में तुकान्त का बहुत महत्व है ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



केरल की 59 वर्षीय दर्जी **वसंती चेरुवेटिल** ने एक **उल्लेखनीय उपलब्धि** हासिल की है। उन्होंने यूट्यूब से टिप्स लेकर अकेले **एवरेस्ट बेस कैंप** (Everest Base Camp) तक पहुंचकर **इतिहास** रच दिया।


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
ToB बूझो तो जानें..
बिहार दिवस
विशेष
बिहार का प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे.... बुझो तो जानें... ?
www.teachersofbihar.org
संजय कुमार


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
अंतर्राष्ट्रीय मौसम विज्ञान दिवस
23 मार्च
के अवसर पर वैश्विक जलवायु परिवर्तन के ख़तरों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण के संरक्षण, सुरक्षा और संवर्द्धन का संकल्प करें
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

स्वतंत्रता सेनानी,प्रखर चिंतक, विचारक

# डॉ॰ राममनोहर लोहिया

जी के जयंती पर सादर नमन।

जन्म- 23 मार्च 1910--मृत्यु- 12 अक्टूबर 1967



www.teachersofbihar.org

Madhu priya